

अनशन स्थल पहुंचकर पीड़ित पिता से उप मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

महिला की मौत के मामले में दिए मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश, निष्पक्ष न्याय का दिलाया भरोसा

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 सितम्बर, संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान हुई महिला कल्पना मिश्रा की दु:खद मौत के मामले में उप मुख्यमंत्री राजेंद शुक्ल ने संज्ञान लेते हुए मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं. उप मुख्यमंत्री ने सिरमौर चौराहे पर आमरण अनशन पर बैठे मृतका के पिता राम शिरोमणि मिश्रा से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें निष्पक्ष न्याय का भरोसा दिलाया.

पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी कल्पना का जाना अत्यंत दुखद है और सरकार इस कठिन समय में पूरी तरह से परिवार के साथ खड़ी है. संजय गांधी अस्पताल में 26 अगस्त को भर्ती श्रीमती कल्पना मिश्रा की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी. दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर मृतका के पिता राम शिरोमणि मिश्रा सिरमौर चौराहे पर आमरण अनशन कर रहे हैं. घटना में प्रथम दृष्टया लापरवाही के दोषी पाए गए दो डॉक्टरों और संबंधित नर्सों को प्रशासन द्वारा पहले ही निलंबित किया जा चुका है. उप मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को निष्पक्ष जांच के निर्देश देते हुए कहा कि रिपोर्ट में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई करें. लापरवाही करने वालों को बक्सा नही जाएगा. इस अवसर पर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह एवं

जच्चा-बच्चा की मौत के बाद हटवा गांव पहुंचे डिप्टी सीएम

गांधी मेमोरियल अस्पताल में हुई जच्चा और बच्चा की मौत के बाद पीड़ित परिवार को सांत्वना देने और स्थिति का जायजा लेने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला मृतिका के गृह ग्राम पहुंचे. डिप्टी सीएम बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हटवा गांव में मृतिका कल्पना मिश्रा के शोकाकुल परिजनों से मिले. डिप्टी सीएम ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच कराने का भरोसा दिया. मृतिका कल्पना मिश्रा के पति अमित मिश्रा ने अपनी पत्नी और बच्चे को खोने का दर्द बयां करते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है. उन्होंने पूरे उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराकर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है.

मजिस्ट्रियल जांच का कलेक्टर ने जारी किया आदेश

स्थानीय गांधी स्मारक चिकित्सालय के स्त्रीरोग विभाग में प्रसूता श्रीमती कल्पना मिश्रा पति अमित मिश्रा निवासी ग्राम हटवा, थाना बैकुण्ठपुर एवं उनके नवजात शिशु की मृत्यु की घटना होने से कानून व्यवस्था की विपरीत स्थिति निर्मित हुई है. अतः उक्त घटना की मजिस्ट्रियल (कार्यपालिक मजिस्ट्रेट) जांच संस्थित की जाती है. दृष्टि जायसवाल आई.ए.एस. सब डिविजनल मजिस्ट्रेट सिरमौर जिला रीवा उक्त घटना के संबंध में जांच कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगें.

पुलिस ने पकड़ी नशीली सिरप की खेप, दो तस्कर गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 सितम्बर, रीवा जिले के तराई अंचल में एक बार फिर पुलिस ने नशे के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए नशे की खेप से लोड एक ब्लैक स्कॉर्पियो को पकड़ा है. पुलिस ने स्कार्पियो सवार दो युवकों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से 2 लाख 66 हजार से अधिक कीमती नशीले कफ सिरप की शीशिया बरामद कर ली है.

बताया जा रहा है कि तस्करों द्वारा यह खेप यूपी से रीवा की ओर लाई जा रही थी. खास बात यह है कि रीवा और यूपी के आसपास के क्षेत्र में भारी बारिश बाढ़ और जल भराव के चलते बदमाशों ने रास्ता बदलकर तराई आंचल की ओर अपना रुख किया था, लेकिन वह पुलिस की नजरों से बच नहीं सकें हैं. दरअसल यह कार्रवाई रीवा आईजी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गुरु करण सिंह के निर्देश पर जिले की अतरैला थाना पुलिस ने की है. थाना प्रभारी अतरैला विजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि यूपी की ओर से नशे की बड़ी खेप एक स्कॉर्पियो वाहन में लोडकर लाई जा रही है. उक्त सूचना के आधार पर क्षेत्र में खेराबंदी कर संदिग्ध दिखे काले रंग की स्कॉर्पियो को रोका गया जिसकी तलाशी के दौरान वाहन में प्रतिबंधित नशीले कफ सिरप की खेप लोड मिली है. पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों की पहचान ओमकार सिंह राठौड़ और लखन यादव दोनो निवासी नौरोजाबाद उमरिया के रूप मे की गयी. बताया गया कि आरोपी नशे की यह खेप उत्तर प्रदेश से रीवा ला रहे थे, लेकिन जगह-जगह बाढ़ और जल भराव के चलते तस्करों ने इस बार रूट को बदल दिया और वह तराई के रास्ते रीवा पहुंच रहे थे. लेकिन वह पुलिस से नही बच सके.

1320 शीशी नशीली सिरप बरामद

मौके पर स्कॉर्पियो वाहन की तलाशी के दौरान कुल 1320 शीशी कफ सिरप बरामद की गयी है जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख 66 हजार आंकी गयी. फिलहाल उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है और प्रतिबंधित नशे की खेप का परिवहन करते मिली स्कॉर्पियो कार को भी जप्त कर लिया गया है. पुलिस फिलहाल अब आरोपियों से पूछताछ कर नशे के मुख्य सप्लायरों के साथ-साथ इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है.

जिले में अब तक 721 .2 मिली मीटर औसत वर्षा

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 सितम्बर, जिले में पिछले चार दिनों से वर्षा का जोर बना हुआ था. जिले में 4 सितम्बर को वर्षा का दौर थम गया है. लगभग दस दिनों के बाद सूर्य भगवान के दर्शन हुए.

बादलों और धूप की आवाजाही के बीच आम जनजीवन सामान्य हो रहा है. पिछले 24 घंटे से केवल छिटपुट वर्षा से नदियों का जल स्तर लगातार घट रहा है. रीवा में विक्रम पुल पर बीहर नदी खतरे के निशान से 1.5 मीटर नीचे बह रही है. जल स्तर बढ़ने से कुछ बस्तियों में चढ़ा हुआ पानी उतर गया है. त्योंथर में टमस नदी का जल स्तर घटने से त्योंथर-पचामा सड़क खुल गई है. डीह पुल से भी पानी तेजी से उतर रहा है. जिले में 4 सितम्बर को केवल 7.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दिन जवा में 18 मिमी और त्योंथर में 14 मिमी वर्षा दर्ज की गई. जिले में एक जून से अब तक 721.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है. इस अवधि में तहसील हुजूर में 872.5 मिमी, रायपुर कर्चुलियान में 761.3 मिमी, गुढ़ में 1015 मिमी, सिरमौर में 674.4 मिमी, त्योंथर में 559 मिमी, सेमरिया में 591 मिमी, मनगवां में 497 मिमी और जवा में 799 मिमी वर्षा दर्ज की गई. गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 754.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी.

रीवा जिले की सामान्य औसत वर्षा 1044.6 मिमी है. जिले के सिंचाई के प्रमुख स्रोत बाणसागर बांध का जल स्तर अधिकतम जल स्तर के नजदीक पहुंच गया है.

सब्जी मंडी में कीचड़ से निकलना मुश्किल

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 सितम्बर, बीच शहर में लगने वाली सब्जी मंडी का हाल बेहाल है. बरसात और गंदगी की वजह से यहा खरीददारी करने पहुंच रहे लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

दुकान संचालकों की मनमानी और गंदगी की वजह से लोग निकल नही पाते है. वही बरसात के वजह से यहा कीचड़ और पानी भी लोगो के लिये मुसीबत बन रहा है. खरीददारी करने पहुंचे कैलाश गुप्ता ने बताया कि इतनी बड़ी मंडी होने के बाद भी यहा की व्यवस्था में सुधार नही हो रहा है. पानी और कीचड़ से निकलना मुश्किल हो रहा है. वही दुकानदारों ने भी पूरी सड़क पर सामान फैलाकर रखा है, जिसकी वजह से आने जाने में परेशानी होती है. व्यवस्था बनानी चाहिए.

संक्षिप्त

सामूहिक खतना कार्यक्रम आगामी 4 अक्टूबर को

रीवा. उम्मत-ए-मोहम्मदिया कमेटी की बैठक बिछिया मे रखी गई. जिसकी सदारत हाजी मुजीब सा0 ने की. जिसमे कमेटी के द्वारा कराये जाने वाले खतना कार्यक्रम पर चर्चा की गई. जिसमे यह निर्णय लिया गया कि सामूहिक खतना कार्यक्रम 04 अक्टूबर दिन रविवार को हजरत शुकरू शाह रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह, बिछिया पुल के पास सुबह 8 :00 बजे से आयोजित किया जाएगा. कमेटी के संस्थापक मोहम्मद शुऐब खान, मोहसिन खान, अध्यक्ष मकदूम खान एवं प्रवक्ता अजहरुद्दीन खान ने बताया कि बिछिया मोहल्ले में यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से नि :शुल्क आयोजित किया जा रहा है. मुस्लिम समाज में खतना कराना न केवल अनिवार्य है बल्कि यह एक धार्मिक संस्कार भी है इस वर्ष भी कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों का खतना से पूर्व नि :शुल्क मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा. बैठक में माजिद खान, हाजी मुजीब खान,,हाजी दिलेर खान,अब्दुल रज्जाक, आबाद खान, समीम अख्तर नूर,गुलाम सरवर खान,साबिर अशरफी उपस्थित रहे.

एड. महेश प्रदेश सचिव, शक्तिमान ग्रामीण अध्यक्ष

रीवा. कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड की नई कार्यकारिणी में एड. महेश तिवारी को प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है. वहीं शक्तिमान विश्वकर्मा को ग्रामीण अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. नई जिम्मेदारियां मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया. नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया तथा कांग्रेस की विचारधारा एवं संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया. इस अवसर पर शहर अध्यक्ष निशांत सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं साथियों द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया. कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह नीरज, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अनूप चंदेल ने मिलने पहुंचे नवनियुक्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया. कार्यक्रम में रंजीत तिवारी उपसरपंच बहुरीबांध, सुयश मिश्र, नीरज यादव, रवि, सुमित सिंह, रवि रावत, उमेश पाल, मनीष यादव, सत्यम सोंधिया सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं युवा साथियों ने उपस्थित होकर नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं.

नकली सोना दिखाकर 3 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

मऊगंज. नकली सोना बेचकर लोगों को लाखों रुपये की चपत लगाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ मऊगंज पुलिस ने कार्रवाई की है. पुलिस ने गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 लाख 50 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं. आरोपियों द्वारा जमीन की खुदाई में सोना मिलने न का झांसा देकर लोगों को अपने जाल में फंसाया जाता था. पुलिस के अनुसार 4 सितंबर को फरियादी राहुल सिद्दीकी उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4 देवेंद्रनगर, जिला पन्ना, थाना मऊगंज पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्तियों ने फोन कर खुद को मऊगंज का निवासी बताते हुए जमीन की खुदाई में मिले सोने की जानकारी दी. लालच में आकर फरियादी ने आरोपियों के बताए अनुसार रकम दी. बाद में उसे नकली सोना दिए जाने की जानकारी हुई. शिकायत के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक राम सिंह पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई. जांच के दौरान पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को दबोच लिया. पुलिस ने विमल कुमार बिंद, आकाश बिंद, भगवानदास बिंद, राजू उर्फ उमेश कुमार बिंद और पप्पू उर्फ विक्रम कुमार बिंद को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार आरोपी उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर क्षेत्र से जुड़े बताए जा रहे हैं.

बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक में सांसद एवं अधिकारी

गरीबों के आर्थिक विकास को बैंकर्स सर्वोच्च प्राथमिकता दें : जनार्दन

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 सितम्बर, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों की स्वीकृति में बैंकों का रवैया ठीक नहीं है.

सभी बैंकर्स सकारात्मक दृष्टिकोण से गरीबों के आर्थिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऋण प्रकरण स्वीकृत और वितरित करें. प्राथमिकता के क्षेत्र कृषि और आवास में निवेश करके जिले के सीडी रेशियो में सुधार कराएं. जिले की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि से ही बैंकों के कारोबार में वृद्धि होगी. गरीबों के छोटे-छोटे ऋण प्रकरणों को अमान्य करके बैंक अपना नुकसान कर रहे हैं. गरीबों को स्वरोजगार योजनाओं से आर्थिक विकास का अवसर दें. गरीबों के हितों पर कुठाराघात को सहन नहीं किया जाएगा, बैंकर्स कार्रवाई के लिए बाध्य न करें. बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि जिले के आर्थिक विकास को गति देने के लिए लगातार बैंकर्स के साथ बैठक की जा रही है. सभी स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े अधिकारी 15 सितम्बर तक लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक प्रकरण बैंकों में दर्ज कर दें. बैंकर्स के साथ नियमित संवाद रखें. सभी बैंकर्स स्वरोजगार योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत प्रकरण 31 अक्टूबर तक स्वीकृत और वितरित करें. मछलीपालन, पशुपालन, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, ग्रामोद्योग, ग्रामीण आजीविका मिशन तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में बड़ी संख्या में प्रकरण बैंकों में लंबित हैं. जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सृष्टि देशमुख ने कहा कि जिले के वार्षिक प्लान के अनुसार ऋण-जमा अनुपात बढ़ाएं. कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, आवास, लघु उद्यम तथा शिक्षा के क्षेत्र में बड़े ऋण प्रस्तावों को मंजूरी देकर प्राथमिकता के क्षेत्र में निवेश बढ़ाएं.

बेइज्जती और उधार के पैसों के लिए दोस्तों ने युवक को उतारा था मौत के घाट

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 सितम्बर, रीवा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के किनारे सोहागी पहाड़ में 14 अगस्त को डिलेवरी बैग के अंदर मिली अज्ञात युवक की लाश के मामले में प्रयागराज की घूमनगंज थाना पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

पुलिस की जांच में मृतक की पहचान प्रतापगढ़ निवासी 27 वर्षीय आलोक गुप्ता के रूप में हुई है. आलोक गुप्ता प्रयागराज के घूमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हरवारा स्थित अंबर अपार्टमेंट में किराए के मकान में रहता था और फोटोग्राफर का काम करता था.

पुलिस के अनुसार आलोक की हत्या उसके ही तीन दोस्तों शुभम तिवारी, शुभम यादव और अंकुश यादव ने मिलकर साजिश रचकर की थी. बताया गया है कि कथित बेइज्जती और उधार के पैसों को लेकर चल रही रंजिश इतनी बढ़ गई कि दोस्तों ने ही आलोक को रास्ते से हटाने की योजना बना डाली. आरोपियों ने घूमनगंज थाना क्षेत्र में आलोक को गोली मारकर हत्या की और पहचान छिपाने के लिए शव को डिलेवरी बैग में रखकर कार से करीब 100 किलोमीटर का सफर तय किया.

इसके बाद मध्यप्रदेश के रीवा जिले के सोहागी थाना क्षेत्र स्थित सोहागी पहाड़ में सुनसान जगह पर शव फेंक दिया. अज्ञात शव मिलने के बाद शुरू हुई जांच में पुलिस ने गुमशुदगी के तार जोड़ते हुए मामले का खुलासा किया और यूपी के घूमन गंज पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 32 बोर की अवैध पिस्टल, कारतूस के खोखे, चार मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस और वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की है. पुलिस अब हत्या की साजिश और घटनाक्रम से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है.

ऑटो चालकों की मनमानी से लग रहा जाम

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 सितम्बर, शहर में इन दिनों आटो चालकों की मनमानी इस कदर है कि लोगो का निकलना मुश्किल हो रहा है. ई-रिक्सा सहित अन्य आटों के चालक मनमानी पर उतारू है.

इनका जहा मन पड़ता है वही आटो खड़ा कर सवारी उतारने और बैठाने लगते है. जिसकी वजह से जाम की स्थित निर्मित हो जाती है. शहर के फोर्ट रोड़, घोड़ा चौराहा, प्रकाश चौराहा, अस्पताल चौराहा, धोबिया टंकी, खत्रा चौराहा सहित अन्य जगहों में आटो चालकों की मनमानी का शिकार अन्य वाहन चालक हो रहे है. आटो चालकों पर समय-समय पर कार्यवाही न होने के चलते इनकी मनमानी बढ़ती जा रही है. घोड़ा चौराहे पर तो पूरे दिन आटो चालकों की धमाचौकड़ी बनी रहती है.

वर्षा थमी -नदियों का घटा जल स्तर

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 सितम्बर, जिले में पिछले पाँच दिनों से रूक-रूक कर हो रही भारी वर्षा से आम जनजीवन प्रभावित हुआ.

रीवा के साथ-साथ मऊगंज, सतना और मैहर जिलों में लगातार हो रही बारिश से बीहर, बिछिया, टमस, बेलन, महाना तथा अन्य नदियों के जल स्तर में तेजी से वृद्धि हुई. जिसके कारण निचले इलाकों में पुन: जल भराव हो गया. लगातार वर्षा के कारण सड़कें और पुलिया भी क्षतिग्रस्त हुईं. पिछले 24 घंटे में वर्षा का जोर कम होने पर नदियों के जल स्तर में तेजी से गिरावट हुई है. रीवा में बीहर नदी खतरे के निशान से 1.5 मीटर नीचे बह रही है. त्योंथर में टमस नदी का जल स्तर घटने से पचामा मार्ग खुल गया है. बसोरन बस्ती का आंशिक जल भराव की समस्या दूर हो गई है. कलेक्टर ने बताया कि बाढ़ तथा जल भराव की समस्या से निपटने के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तरह से मुस्तैद है. एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लगातार भ्रमण किया.

भाजपा सरकार आदिवासियों की घोर उपेक्षा कर रही है : टेकाम

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 सितम्बर, कांग्रेस पार्टी के आदिवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम के मुख्य आतिथ्य में जिले के कांग्रेस पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक कांग्रेस कार्यालय में आहूत की गई.

सर्वप्रथम श्री टेकाम का जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ से उनका स्वागत किया गया. बैठक में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए श्री टेकाम ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार आदिवासियों की घोर उपेक्षा कर रही है. आदिवासियों के हित में इनके भाषण जुमले साबित हो रहे है. आदिवासियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. बालाघाट जो आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है वहां पर ज्वर के कारण पचीसों बच्चों की अकाल मृत्यु हो गई. किन्तु स्वास्थ्य विभाग उनकी मृत्यु से बचाव के लिए कोई कारगर चिकित्सा नहीं करा सका. कहने को तो आयुष्मान योजना के द्वारा मुफ्त इलाज किया जा रहा है किन्तु हजारों आदिवासी चिकित्सा एवं दवाईयों के आभाव में असमयिक मृत्यु का शिकार हो रह हैं, पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है. बैठक में पूर्व सांसद राजमणि पटेल, सेमरिया विधायक अभय मिश्रा, महापौर अजय मिश्रा बाबा, गुरूमीत सिंह मंगू, शीला त्यागी, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, रवि तिवारी, सज्जन पटेल मौजूद रहे.

प्रेम प्रसंग और आपसी रंजिश के चलते हुई थी युवक की हत्या

नवभारत न्यूज

रीवा, 4 सितम्बर, रीवा जिले के चोरहटा थाना क्षेत्र में बीते 26 अगस्त को हुई युवक की गला रेतकर निर्मम हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है.

पुलिस ने अंधेकत्ल की इस गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपी आशीष कोल को गिरफ्तार कर लिया है. टेक्निकल साक्ष्यों और 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस आखिरकार कातिल के गिरेबान तक पहुंचने में कामयाब रही. पुलिस जांच में सामने आया है कि यह पूरी वारदात एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग और आपसी रंजिश के चलते हुई. मूल रूप से नरसिंहपुर का निवासी आरोपी आशीष कोल करीब 6 साल पहले से रीवा में रहकर मजदूरी करता था. इसी दौरान उसका एक महिला से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया. कुछ समय बाहर रहने के बाद आरोपी दोबारा रीवा आया और वह उक्त महिला को अपने साथ भगा ले जाने की फिराक में था.

मृतक मोहम्मद इसरार उर्फ बब्बू आरोपी की इस हरकत का लगातार विरोध कर रहा था और उसे रोक रहा था. इसी बात को लेकर आरोपी आशीष, मृतक से रंजिश रखने लगा था.

घटना के दिन आरोपी आशीष कोल योजना के तहत मृतक मोहम्मद इसरार उर्फ बब्बू को अपने साथ घटनास्थल की ओर ले गया था. घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में मृतक और आरोपी को एक साथ जाते हुए देखा गया. सख्त से पूंछताछ पर आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया.

चोरहटा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हत्या का आरोपी